>

Title: Need to make a full fledged railway station at Kerakat in North Eastern Railway Zone.

श्री तूफानी सरोज (सैदपुर) : महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री का ध्यान पूर्वोत्तर रेलवे के औड़िहार जंक्शन से जौनपुर जाने वाल मीटरगेज से ब्राडगेज में परिवर्तित हो रही रेल लाइन की ओर आकृÂÂट करना चाहता हूं। उक्त रेल लाइन जब मीटरगेज थी तो उस समय केराकत में पूर्ण रेलवे स्टेशन था। वहां रेल गाड़ियों के क्रासिंग की व्यवस्था तो थी ही, वहां रेलवे गो-डाउन भी बना हुआ था जिससे तहसील के व्यापारियों को अपना माल भेजने तथा माल मंगाने में सुविधा होती थी। सबसे बड़ी बात यह है कि उक्त रेल मार्ग पर औड़िहार और जौनपुर के बीच एक मात्र तहसील केराकत पड़ती है। वहां बड़ा बाजार है। वहीं पर नगर पंचायत का मुख्यालय भी है। यही नहीं झुनझुन वाला फैक्ट्री तथा यू.ए.एल. यू.पी. सीमेंट फैक्ट्री भी है जहां से बडी संख्या में लोगों का आना जाना होता है। ऐसे महत्वपूर्ण स्थान होने के बावजूद केराकत को पूर्ण स्टेशन का दर्जा न देकर वहां हाल्ट बनाना समझ से परे है। इसके विपरीत मुफ्तीगंज व डोभी को पूर्ण स्टेशन का दर्जा दिया गया है, जहां न तो कोई बड़ी बाजार है और न कोई ऑफिस है।

अतः आपके माध्यम से रेल मंत्री से मेरी मांग है कि केराकत जैसे महत्वपूर्ण स्थान को ध्यान में रखते हुए वहां पर हाल्ट की जगह पूर्ण रेलवे स्टेशन बनाया जाए साथ ही रेलवे क्रासिंग की व्यवस्था के साथ साथ गो-डाउन भी बनवाया जाये ताकि तहसील मुख्यालय के व्यापारी लाभान्वित हो सकें और आम जनता भी लाभ उठा सके।